दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 10 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-189

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सुरक्षाबलों और तालिबानियों के बीच भीषण मुठभेड़, 99 आतंकी ढेर

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान के बदघिस प्रांत में सैनिकों और तालिबान लड़ाकुओं के बीच हुई भयंकर मुठभेड़ में 12 सैनिक और 99 आतंकी मारे गए। रक्षा मंत्रालय द्वारा सोमवार को इस मुठभेड़ की जानकारी दी गई। 4 अप्रैल को तालिबान द्वारा जिले के कई सुरक्षा चेकपोस्ट को नष्ट किए जाने के बाद, शनिवार के दिन आतंकियों को जिला से बाहर खदेड़ने के लिए सरकारी सेना ने बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई की। मंत्रालय के अनुसार, आतंकियों ने स्थानीय लोगों के घरों को अपना मुख्यालय बनाया था। ऐसे में स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा बलों को पीछे हटना पड़ा। उनके अनुसार, लड़ाई अभी जारी है।

### दो रोटी के बजाय एक रोटी ही खाएं: मुस्ताक गानी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में महंगाई इस वक्त चरम सीमा पर है। महंगाई ने यहां पिछले पांच साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। नवंबर 2013 के बाद मुद्रास्फीति (इन्फ्लेशन) 9.41 पर पहुंच गई। फरवरी में ये आंकड़ा 8.21 पर था। पाकिस्तान में खाने-पीने की चीज़ें, पेट्रोल और ट्रांसपोर्ट हर चीज़ की दरें आसमान छू रही है।

### बगैर समझौता ब्रेग्जिट से बचने के लिए बिल पास

लंदन (आरएनएस)। ब्रिटेन की संसद के ऊपरी सदन हाउस ऑफ लॉर्डस ने सोमवार को एक बिल पारित किया जिसमें बिना समझौता यूरोपीय देशों(ईयू) से हटने ब्रेग्जिट पर रोक लगाने को लेकर निर्धारित समय सीमा बढ़ाने की मांग की।

### अफगानिस्तान में विस्फोट में चार मरे

वाशिंगटन (आरएनएस)। अफगानिस्तान में बगराम सैन्य हवाई अड्डा के पास हुए एक विस्फोट में अमेरिका के तीन सैनिकों और एक ठेकेदार की मौत हो गई। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन(नाटो) के ऑपरेशन रेसोल्यूट सपोर्ट ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### धनशोधन मामले में भंडारी की याचिका वाड्रा के मामले से जोड़ने की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में कहा कि हथियार कारोबारी संजय भंडारी की एक धनशोधन मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका को उस पीठ को हस्तांतरित किया जाए जो इसी मामले में रॉबर्ट वाड्रा की याचिका पर सुनवाई कर रही है। ईडी की ओर से सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता को सूचित किया कि एजेंसी एक आवेदन दाखिल करने वाली है जिसमें भंडारी की यचिका को वाड्रा और उनके करीबी सहयोगी मनोज अरोड़ा की याचिकाओं के साथ जोड़ने की मांग की गयी है।

### बसपा ने लोकसभा के 5 और प्रत्याशी घोषित किए

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश की पांच और सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। बसपा ने मंगलवार को घोषित अपनी तीसरी सूची में धौरहरा से अरशद अहमद सिद्दीकी, सीतापुर से नकुल दुबे, मोहनलाल गंज से सी.एल. वर्मा, फतेहपुर से सुखदेव वर्मा और कैसरगंज से चन्द्रदेव राम यादव को चुनाव मैदान में उतारा है।

### टिक टॉक पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा सुको

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय 'टिक टॉक ऐप' पर प्रतिबंध संबंधी मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई 15 अप्रैल को करेगा।

# तीन महिला समेत 34 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

## चुनाव के पूर्व बस्तर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुकमा में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. नक्सलियों की बदली और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर सुकमा जिले में 18 स्थाई वारंटी समेत 34 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें 3 महिला नक्सली भी शामिल हैं।

सुकमा जिले के एडिशनल एसपी बीएस मरावी ने जानकारी देते बताया कि सभी नक्सलियों ने एर्राबोर थाने में आकर आत्मसमर्पण किया है। डब्बाकोंटा एरिया आरपीसी अध्यक्ष माड़वी हिंगा भरमार के साथ समर्पण करने पहुंचा था। सभी नक्सली मनिकोंटा, गगनपल्ली, कोंगडम, मेटटागु, मरईगुड़ा के रहने वाले हैं तथा


फाईल चित्र

इन इलाकों में इनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

लगातार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन और छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया, जिनका सुकमा पुलिस ने स्वागत किया है। समर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

छत्तीसगढ़ के बस्तर में 11 अप्रैल को प्रथम चरण के तहत मतदान होना है। इससे पूर्व इन नक्सलियों के समर्पण को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। नक्सली लगातार बस्तर के आदिवासियों को छलावा कर अपने संगठन में काम करने को मजबूर करते हैं और फोर्स पर हमला सहित अन्य गतिविधियों में शामिल करते हैं। हाल ही के वर्षों में नक्सली संगठन द्वारा बस्तर के आदिवासियों को प्रताड़ित करने के मामले सामने आने के बाद स्थानीय नक्सली अब धीरे-धीरे मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

इसी का परिणाम है कि सोमवार को सुकमा जिले में 34 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष पहुंचकर मुख्यधारा में जुड़ने का फैसला लिया।

## आतंकवादियों के रॉकेट हमले में चार नागरिकों की मौत

दमिश्क (आरएनएस)। सीरिया के उत्तर-पश्चिमी शहर मसयफ पर आतंकवादियों ने रॉकेट लांचर से कई हमले किये जिसमें चार नागरिक मारे गये और करीब 12 अन्य घायल हो गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सीरियाई मंत्रालय के एक केंद्र के अनुसार हमा प्रांत के मसयफ में आतंकवादियों ने अत्याधुनिक रॉकेट प्रणाली से कई हमले किये जिससे चार लोग मारे गए और 12 नागरिक घायल हो गए। सीरियाई सशस्त्र बलों ने लताकिया प्रांत के कबना गांव पर आतंकवादियों के आगे बढ़ने के प्रयास को नाकाम कर दिया। सफ्सफा, बशरफा, राशा, कस्तल-अल-बोरज-बारिशा, रुअयसेट-इस्कंदर, इस्कांदेर, इन-अल-कंतरा और अल-अमारा पर भी हमले शुरू किए थे।

## राजधानी में एक और चिटफंड कंपनी ने लोगों को लगाया करोड़ों का चूना

### कंपनी के 3 डायरेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज

### ग्राहकों को 2 प्रतिशत तक प्रतिदिन लाभ देने का प्रलोभन देकर निवेश कराते थे



रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के न्यू राजेन्द्रनगर में एक और चिटफंड कंपनी द्वारा लोगों को करोड़ों का चूना लगाने का मामला प्रकाश में आया है। कंपनी अपने ग्राहकों को यह कहकर झांसे में लेते थे कि उनके द्वारा किए गए निवेश में प्रतिदिन 2 प्रतिशत तक लाभ मिलेगा। घटना की रिपोर्ट राजेन्द्रनगर थाना में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पंडरी का रहने वाला सुरेंद्र प्रितवानी पिता भगवान दास ने सोमवार 8 अप्रैल को रिपार्ट दर्ज कराई कि घटना 06.09.18 से 08.04.19 के मध्य अशोका मिलेनियम स्वेर मार्ट शाप न्यू राजेंद्रनगर में आरोपी राजेश मिश्रा, दिनदयाल सोनी, प्रफुल्ल कुमार चौधरी जो अशोका मिलेनियम स्वेर मार्ट शाप में डायरेक्टर के पद पर है के द्वारा उसे एवं अन्य ग्राहको को उनके निवेश की राशि में प्रतिदिन शून्य से 2 प्रतिशत प्रति दिन लाभ देने का प्रलोभन देकर करीब 2 से 3 करोड़ रूपये लेकर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 409, 120, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की जांच जारी है।

## पाकिस्तान के एफ-16 विमान को मार गिराने के हमारे पास ठोस सबूत : भारतीय वायुसेना

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय वायुसेना ने सोमवार को कहा कि 27 फरवरी को हुई हवाई लड़ाई में पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराने के उसके पास 'ठोस सबूत' हैं। वाइस मार्शल आर.जी.के. कपूर ने एक मीडिया ब्रीफिंग में भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तानी वायुसेना के एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराने से संबंधित रडार तस्वीरें दिखाईं। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना के पास काफी विश्वसनीय सूचना और साक्ष्य हैं जो स्पष्ट संकेत देते हैं कि 27 फरवरी की हवाई कार्रवाई के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना ने अपना एक एफ-16 विमान खो दिया।

## मतदान के दौरान चुनावी सर्वेक्षणों पर रोक

नई दिल्ली (आरएनएस)। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान के पहले दिन 11 अप्रैल से लेकर मतदान के अंतिम दिन 19 मई तक चुनाव को लेकर किसी भी तरह के सर्वेक्षण कराने तथा इनके प्रकाशन और प्रसारण पर सोमवार को रोक लगा दी। चुनाव आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 11 अप्रैल की सुबह सात बजे से 19 मई की शाम 1830 तक प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया की ओर से किसी भी प्रकार के चुनाव सर्वेक्षण कराने या इसके प्रकाशन तथा प्रसारण पर पूरीतरह रोक लगा दी गई है। इस दौरान चुनाव बाद किसीप्रकार के सर्वेक्षण पर भी पूरीतरह रोक रहेगी जिसका प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकेगा।

## कोर्ट में सज्जन को सीबीआई ने बताया 1984 दंगों का 'सरगना'

नयी दिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने कांग्रेस के पूर्व नेता सज्जन कुमार की जमानत का सोमवार को उच्चतम न्यायालय में विरोध करते हुये कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान हुये जघन्य अपराधों के वह ''सरगना'' थे जिसमें सिखों का 'नरसंहार' हुआ। कांग्रेस के पूर्व सांसद 73 वर्षीय सज्जन कुमार ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 17



दिसंबर, 2018 के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने सज्जन कुमार को एक मामले में दोषी ठहराते हुये उम्र कैद की सजा सुनाई है।

न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ ने सज्जन कुमार की जमानत की अर्जी 15 अप्रैल के लिये सूचीबद्ध करते हुये जांच एजेन्सी को निर्देश दिया कि इस पूर्व सांसद की संलिप्तता वाले अन्य मामले के मुकदमे की प्रगति से अवगत कराया जाये। जांच ब्यूरो की ओर से सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि अगर सज्जन कुमार को जमानत पर रिहा किया गया तो यह न्याय का मखौल होगा क्योंकि 1984 के सिख विरोधी दंगे से संबंधित एक अन्य मामले में पटियाला हाउस की अदालत में उन पर मुकदमा चल रहा है। उन्होंने कहा कि सिखों का नरसंहार एक बर्बर अपराध था। वह (कुमार) नेता थे और इसके सरगना थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज की

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेता विवेक ओबेराय अभिनीत बायोपिक पीएम नरेंद्र मोदी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग को यह तय करना है कि फिल्म आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है या नहीं.



इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को दिए अपने फैसले में फिल्म पीएम नरेंद्र मोदी की रिलीज डेट पर दखल देने से इनकार कर दिया था. पीएम मोदी की बायोपिक को कई पार्टियां आचार संहिता का उल्लंघन मान रही हैं. यही नहीं दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इसकी रिलीज डेट पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. चुनाव आयोग से भी इस फिल्म की शिकायत की गई थी. फिल्म पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर विवेक ओबेराय ने कहा था, मुझे समझ नहीं आ रहा है कि कुछ लोग इस तरह से ओवररिएक्ट क्यों कर रहे हैं.

## अधिग्रहित भूमि मामले में निर्मोही अखाड़े ने सुप्रीम कोर्ट का किया रुख

### अयोध्या विवाद

नई दिल्ली (आरएनएस)। अयोध्या मंदिर विवाद मामले में विवादित भूमि का एक तिहाई हिस्सा पाने वाली पार्टियों में से एक निमोर्ही अखाड़ा ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें अधिग्रहित भूमि के 67.7 एकड़ जमीन में से अधिकांश हिस्सा रामजन्मभूमि न्यास के पक्ष में सौंपने की केंद्र सरकार की याचिका का विरोध किया गया है।



मामले में शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसार मध्यस्थता की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है। अखाड़े ने कहा कि सरकार द्वारा भूमि के अधिग्रहण से उसके द्वारा प्रबंधित विभिन्न मंदिर नष्ट हो गए थे। इसलिए, अदालत को विवाद का फैसला करना चाहिए। अखाड़े का कहना है कि सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण से वह मंदिर नष्ट हो जाएंगे जिनका संचालन अखाड़ा करता है। इसलिए उसने अदालत से विवादित भूमि पर फैसला करने के लिए कहा है। 29 जनवरी को केंद्र सरकार ने अयोध्या में विवादास्पद राम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद स्थल के पास अधिग्रहित की गई 67 एकड़ जमीन को उसके मूल मालिकों को लौटाने की अनुमति मांगने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। न्यायालय में एक नई याचिका दाखिल करते हुए केंद्र ने कहा था कि उसने 2.77 एकड़ विवादित राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद स्थल के पास 67 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। याचिका में बताया गया था कि राम जन्मभूमि न्यास (राम मंदिर निर्माण को प्रोत्साहन देने वाला ट्रस्ट) ने 1991 में अधिग्रहित अतिरिक्त भूमि को मूल मालिकों को वापस दिए जाने की मांग की थी।

## पैर फैलाकर बैठी लड़की के पोस्टर से पाक में मचा हंगामा

### महिलाओं को मिल रही रेप की धमकियां

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान में एक पोस्टर को लेकर खूब विवाद हो रहा है। महिला अधिकारों को लेकर निकाले गए एक मार्च में प्रदर्शन करने वाली महिलाएं एक पोस्टर लेकर सड़कों पर उतरी, पोस्टर में एक लड़की को पैर फैलाकर बैठी हुई दिखाया गया था।

दरअसल महिला अधिकारों को लेकर पाकिस्तान में कुछ महिलाएं सड़कों पर मार्च के लिए निकली। जिनके हाथों में एक पोस्टर था जिस पर एक लड़की को पैर फैलाकर बैठे हुए दिखाया गया। पोस्टर सोश्ल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है।

इस पोस्टर को कराची में पढ़ाई करने वाली छात्राएं रुमिसा लखानी और रशीदा शब्बीर हुसैन ने तैयार किया था। पैर फैलाकर बैठी लड़की के पोस्टर पर उर्दू में लिखा गया है, यहां, मैं बिल्कुल सही तरीके से बैठी हूं, पोस्टर की लड़की धूप के चश्मे भी पहनी हुई है। पोस्टर तैयार करने वाली रुमिसा ने कहा कि औरत नाम के प्रदर्शन में हिस्सा लेना बेहतरीन अहसास था। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया था। एलजीबीटी समुदाय के लोग भी शरीक हुए थे। महिलाओं के इस मार्च से पाकिस्तान के कट्टरपंथियों गुस्से में है। प्रदर्शन आयोजित करने वाली महिलाओं को रेप की धमकियां दी जा रही हैं और कुछ स्त्रीवादी महिलाएं भी इसके खिलाफ आ गई हैं।

## ग्रामीणों ने की दो बदमाशों की पीट पीटकर हत्या

लखीमपुर खीरी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में लखीमपुर के ईसानगर क्षेत्र में ग्रामीणों ने डकैती डालने आए दो बदमाशों की पीट-पीटकर हत्या कर दी।




पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि ईसानगर के बेलागढ़ी गांव में पाचं से सात की सख्या में बदमाश किशोरी लाल के घर में डकैती डालने आये थे । जैसे ही बदमाश घर के अंदर दाखिल हुए तो गृहस्वामी को घर में किसी के होने की आहट सुनाई दे गई। इसके बाद वह जाग गया। घर में खोजबीन करने पर गृहस्वामी को कई बदमाश दिखे, जिससे बिना डरे ही गृहस्वामी उनसे भिड़ गया। इसके बाद घर के बाकी सदस्य भी जाग गए।

इस बीच परिजनों ने शोर मचा दिया जिससे पूरा गांव जग गया।

## पांच साल में गरीबों की संख्या 10 प्रतिशत से कम करेंगे: जेटली

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए 'संकल्प पत्र' के नाम से जारी अपने घोषणापत्र में पाँच साल में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या घटाकर आबादी के 10 प्रतिशत से कम पर लाने का वायदा किया है।



वित्त मंत्री अरुण जेटली ने यहाँ भाजपा मुख्यालय में घोषणापत्र जारी होने के बाद उसके बारे में अपने विचार रखते हुये कहा, देश के इतिहास में यह पहली सरकार है जिसने मध्य वर्ग को मजबूत किया है और जिसके कार्यकाल में गरीबी सबसे तेजी से घटी है। अगले पाँच साल में हम गरीबों की संख्या का प्रतिशत इकाई अंक में ले आयेंगे और धीरे-धीरे इसे पूरी तरह समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पाँच साल में सरकार ने न सिर्फ गरीबों को संसाधन मुहैया कराया।

## शिमला में बारिश तो रोहतांग में हुई बर्फबारी

शिमला (आरएनएस)। मैदानी क्षेत्रों में जहां लोग गर्मी के कारण बेहाल है, वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश में मौसम का अलग ही मिजाज देखने को मिला। प्रदेश की राजधानी शिमला सहित कई अन्य क्षेत्रों में बारिश हुई तथा तेज हवाएं चलीं। इसके अलावा कुल्लू के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश हुई है। कांगड़ा और इसके आसपास सुबह के समय बारिश के छींटे पड़े। नाहन व इसके आसपास के इलाकों में दस बजे के आसपास आसमान में काले बादल छाए और तेज बारिश हुई।




मौसम विभाग ने सोमवार से हिमाचल प्रदेश में गर्ज के साथ बारिश होने व ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश की संभावना जताई है। विशेषज्ञों के अनुसार फ्लॉवरिंग के लिए 20 डिग्री से अधिक तापमान आवश्यक होता है। लिहाजा तापमान में आई यह गिरावट फ्लॉवरिंग को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है एवं इसका असर आगामी सेब और स्टोन फ्रूट्स की फसल पर पड़ सकता है।